तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 21 मार्च 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 चार साल में नहीं बनी पानी टंकी





11 कबीरधाम बॉल बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भारतीय ...




## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।

पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

## खबर संक्षेप

### सट्टा लिखते आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा।** थाना दाढ़ी पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने मुखबिर सूचना पर नवापारा दाढ़ी वार्ड क्रमांक 03 में दबिश देकर अवैध सट्टा संचालित करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सूचना मिली थी कि जेठू देवार अपने घर के सामने गली में अंकों पर रुपये-पैसे का दांव लगवाकर सट्टा-पट्टी लिख रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई की, जहां आरोपी जेठू देवार (45), निवासी देवारपारा, नवापारा दाढ़ी को सट्टा लिखते रंगे हाथों पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 1,500 रुपये नगद, सट्टा-पट्टी एवं पेन बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना दाढ़ी में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई है।

### 16 पौवा शराब जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा।** थाना बेरला पुलिस ने मुखबिर सूचना पर कार्रवाई करते हुए नगर पंचायत कुसमी धान मंडी मार्ग के पास दो आरोपियों को अवैध शराब बिक्री करते रंगे हाथ पकड़ा। पुलिस ने आरोपी प्रवीण साहू (36) एवं रतन कुमार साहू (33), दोनों निवासी कुसमी, के कब्जे से 16 पौवा देशी मसाला शराब (2,880 मि.ली.) एवं एक मोटरसाइकिल जब्त की। जब्त सामग्री की कुल कीमत 46,600 रुपये आंकी गई है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

### कोसपातर में श्रीराम कथा मानस मेला 1 अप्रैल से

**बेमेतरा।** श्रीराम कथा मानस मेला का आयोजन कोसपातर में 1 अप्रैल से 3 अप्रैल तक रखा गया है। समिति के अध्यक्ष विजय पारख ने बताया कि मंडली को अपना वाद्य यंत्र साथ लाना होगा, साथ ही न्यूनतम 6 सदस्य एवं अधिकतम 9 सदस्य अनिवार्य है। इसके साथ ही प्रत्येक मंडली को स्व. प्रेमचंद पारख की स्मृति में विजय ▶▶|शेष पेज 10 पर

# अधूरे मकानों को जल्द करें पूरा, लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सीईओ

## बेरला जनपद सीईओ ने ली आवास मित्रों और रोजगार सहायकों की क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जनपद पंचायत बेरला में आवास मित्रों एवं रोजगार सहायकों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत बेरला की मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीप्ती मंडावी ने की। इस बैठक में ग्रामीण आवास योजनाओं के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया। बैठक की शुरुआत निर्धारित लक्ष्यों और अब तक प्राप्त उपलब्धियों की समीक्षा से की गई। इस दौरान प्रत्येक आवास मित्र ने अपने-अपने क्षेत्र में लाभार्थियों की पहचान, मकान निर्माण की वर्तमान स्थिति, जारी की गई राशि के उपयोग तथा भू-टैगिंग की प्रगति से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की। विशेष रूप से अधूरे मकानों और विलंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। सीईओ ने बैठक में कहा कि ग्रामीण आवास योजनाएं सीधे गरीब और जरूरतमंद परिवारों से जुड़ी हुई हैं, इसलिए इनके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने आवास मित्रों और रोजगार सहायकों को लाभार्थियों से लगातार संपर्क बनाए रखने, लंबित मामलों का त्वरित निराकरण करने, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा समय-समय पर सही और अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी ▶▶|शेष पेज 10 पर



### कार्यों की जवाबदेही सुनिश्चित हो

बैठक के अंत में सीईओ ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए और कार्यों में जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इस दिशा में सभी कर्मचारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। इस समीक्षा बैठक में विकासखंड स्तर के अधिकारी-कर्मचारी, आवास मित्र तथा रोजगार सहायक भी उपस्थित रहे।

## कार्रवाई : लापरवाही बरतने वाले 32 पंचायत सचिवों पर गिरी गाज

# पीएम आवास में सुस्ती व बैठक से नदारद 15 सचिवों का वेतन रोका, 8 अवैतनिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में विकास योजनाओं की सुस्त रफ्तार और अधिकारियों की लापरवाही पर अब जिला पंचायत ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण सहित विभिन्न निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने और समीक्षा बैठक से अनुपस्थित रहने पर जिला पंचायत प्रशासन ने 32 ग्राम पंचायत सचिवों के खिलाफ बड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की है।

इस कार्रवाई से पंचायत अमले में हड़कंप मच गया है और अन्य कर्मचारियों के लिए भी यह स्पष्ट संदेश है कि अब लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दरअसल, 26 फरवरी 2026 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में जिले में संचालित योजनाओं की जमीनी स्थिति का बारीकी से आकलन किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्रगति, अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों के संचालन तथा निर्माण कार्यों की जियो टैगिंग जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान कई ग्राम पंचायतों में कार्यों की रफ्तार बेहद धीमी पाई गई, जिससे अधिकारियों ने कड़ी नाराजगी जाहिर की।



पंचायतों में योजनाओं की प्रगति संतोषजनक नहीं

स्थिति तब और गंभीर हो गई जब समीक्षा बैठक में 23 ग्राम पंचायत सचिव अनुपस्थित पाए गए। इसे प्रशासन ने गंभीर लापरवाही मानते हुए सभी अनुपस्थित सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। साथ ही, जिन पंचायतों में योजनाओं की प्रगति संतोषजनक नहीं थी, वहां के सचिवों से भी जवाब तलब किया गया। नोटिस के जवाब में अधिकांश सचिवों का स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाया गया, जबकि कुछ सचिवों ने निर्धारित समय-सीमा में जवाब देना भी जरूरी नहीं समझा। इस रवैये को अनुशासनहीनता मानते हुए जिला पंचायत प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए कार्रवाई का निर्णय लिया।

### कार्यों की सतत निगरानी के निर्देश

कार्रवाई के तहत 8 ग्राम पंचायत सचिवों का एक दिवस अकार्य दिवस घोषित कर उन्हें अवैतनिक किया गया है। वहीं 15 सचिवों का एक दिन का वेतन काटते हुए उनका वेतन आगामी आदेश तक रोक दिया गया है। शेष सचिवों को भी कड़ी चेतावनी देते हुए उनके कार्यों की सतत निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। जिला पंचायत प्रशासन ने दो टूक शब्दों में कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण जैसी महत्वाकांक्षी योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा डालने वाले कर्मचारियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# सरकारी छुट्टियों में भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वित्तीय वर्ष 2025–26 के समापन से पहले राजस्व संग्रह को गति देने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है।

अब जिले के पंजीयन कार्यालय निर्धारित शासकीय अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे, ताकि स्टाम्प शुल्क एवं पंजीयन कार्य बाधित न हो और शासन के राजस्व पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर द्वारा आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया गया है कि वित्तीय वर्ष समाप्ति में कम समय शेष होने के कारण पंजीयन कार्यों में किसी प्रकार की रुकावट स्वीकार्य नहीं होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 मार्च (रविवार), 28 मार्च (शनिवार), 29 मार्च (रविवार) एवं 31 मार्च (मंगलवार) को घोषित शासकीय अवकाश के बावजूद पंजीयन कार्यालयों को संचालित रखा जाएगा। प्रशासन ने इन तिथियों पर विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आम नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए पर्याप्त स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और पंजीयन कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो। साथ ही यह भी कहा गया है कि जमीन एवं संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों के पंजीयन में किसी प्रकार की देरी न हो। इस निर्णय से जहां एक ओर शासन को निर्धारित राजस्व लक्ष्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी, वहीं दूसरी ओर आम लोगों को भी बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि अवकाश के कारण उनके महत्वपूर्ण कार्य लंबित नहीं रहेंगे।

- मार्च क्लोजिंग को लेकर प्रशासन का बड़ा फैसला

# जांच से सप्ताहभर पहले सीएमओ ने दे दी क्लीन चिट




हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

जिले के देवकर नगर पंचायत में दूषित पेयजल की आपूर्ति मामले में लीपापोती की कोशिश हो रही है। दरअसल कुछ वार्डों में दूषित पानी सप्लाई की खबर प्रकाशित हुई थी। जिसके बाद नगर पंचायत के सीईओ ने निरीक्षण के लिए एक टीम को भेजा। दिलचस्प यह है कि टीम ने प्रभावित लोगों के यहां से सेंपल लेने के बजाय वहां से सेंपल लिया जहां पानी साफ आ रहा था। इतना ही नहीं नगर पंचायत ने बगैर लैब टेस्ट के दूषित पेयजल आपूर्ति को स्वच्छ व पेयजल योग्य बता दिया।

नगर पंचायत देवकर क्षेत्र अंतर्गत दूषित व बदबूदार पानी सप्लाई का मामला पिछले हफ़्ते आया था। जिसके बाद सीएमओ ने मोटरपंप कर्मचारी को शिकायतकर्ता के घर वार्ड पार्षद के साथ पानी की जांच के लिए भेजा। घरवालों ने गंदा बदबूदार पानी आने की बात कही तब मोटरपंप कर्मचारी ने सालों से बंद पड़े नवकेशा चौक गुप्ता वेल्डिंग दुकान के सामने और बस स्टैंड के पास बने गेटवाल चैंबर को खोला। चैंबर खुलने पर देखा गया कि गेटवाल नाली के गन्दे पानी में डूबा हुआ था और पानी लीकेज हो रहा है। कर्मचारियों ने गंदे पानी को निकाल कर गेटवाल की मरम्मत की और बाद में अगले दिन उस पर सीमेंट कंक्रीट का मटेरियल डाला गया, जिसका पूरा वीडियो स्थानीय संवाददाता के पास उपलब्ध है। गेटवाल की सफाई के करीब 4 घंटे बाद सीएमओ केशराम साहू ने आनन - फानन में पार्षदों व नगर पंचायत कर्मचारियों की टीम के साथ कुछ वार्डों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कुछ घरों में शिकायतें नहीं मिली पर एक के घर के नल से पानी के साथ कीड़ा निकलना पाया गया, जिसका वीडियो भी बनाया गया। वीडियो में स्पष्ट रूप से कीड़े दिखाई दे रहे थे।

- देवकर नगर पंचायत दूषित पानी का मामला

टीम में शामिल वॉर्ड नंबर 5 के पार्षद रविशंकर स्वर्णकार ने इस बात को स्वीकार भी किया। समस्या से जूझ रहे वॉर्ड नंबर 06 निवासी मिथुन राजपूत ने कहा कि मेरे छोटे भाई को किडनी से जुड़ी बीमारी है, नल से पानी सैंपल का लैब में टेस्ट कराया जाए। तो वहीं कृष्णा सिन्हा के घर नल कनेक्शन से पानी के साथ कीड़ा निकलना पाया गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल भी हुआ। इधर 12 मार्च को जांच टीम ने नल से निकल रहे दूषित पानी का नमूना ना लेकर नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डों में स्थित लगभग 5 बोर से पानी का नमूना जांच के लिए पी एच ई विभाग बेमेतरा को भेजा। जांच की रिपोर्ट 18 मार्च को मिली, लेकिन रिपोर्ट आने से 6 दिन पहले निरीक्षण प्रतिवेदन व पंचनामा बनाया गया कि दूषित पानी नही मिला व पेयजल आपूर्ति को स्वच्छ, शुद्ध उपयोग लायक है। इस मामले में नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे ने सीईओ पर फर्जी रिपोर्ट बनाकर शासन की आंखों में धूल झोंकने का आरोप लगाया है।

# हायर सेकंडरी के छात्रों ने विधानसभा में समझी सदन की कार्यप्रणाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केहका के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षकों ने 18 मार्च को छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्यवाई का सजीव अवलोकन किया।

इस दौरान छात्रों ने बजट सत्र, प्रश्नकाल के दौरान विधायिका के कार्य करने की प्रक्रिया को समझा। यह अनुभव उनके लिए लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा। विधानसभा परिसर में सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा, मंत्री दयालदास बघेल, पंडरिया विधायक भावना बोहरा व साजा विधायक ईश्वर साहू से सौजन्य मुलाकात कर ग्रुपिंग फोटो लिए। विधानसभा भ्रमण के बाद सभी छात्र-छात्राएं व शिक्षक रायपुर स्थित आदिवासी संग्रहालय का भ्रमण किये। ▶▶|शेष पेज 10 पर



# मीठी ईद आजः नमाज अता कर अमन-चैन व खुशहाली की दुआएं मांगेगा मुस्लिम समुदाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एक माह तक इबादत, संयम और आत्मशुद्धि के प्रतीक पवित्र रमजान के समापन के बाद आज शनिवार को जिलेभर में मुस्लिम समुदाय बड़े ही उत्साह, उल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मीठी ईद (ईद-उल-फितर) का पर्व मनाएगा।

ईद को लेकर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष रौनक देखने को मिल रही है। बाजारों में देर रात तक चहल-पहल बनी रही, जहां लोगों ने कपड़े, सेवईं, सूखे मेवे और अन्य आवश्यक सामग्री की खरीदारी की। मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद की नमाज को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 8 बजे शहर स्थित जामा मस्जिद से मुस्लिम समाज के लोग जुलूस की शक्ल में मोहभट्टा रोड स्थित ईदगाह के लिए रवाना होंगे। इस दौरान लोग पारंपरिक वेशभूषा में नजर आएंगे और रास्ते भर आपसी भाईचारे का संदेश देंगे। ईदगाह में सामूहिक रूप से विशेष नमाज अदा की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल होंगे। नमाज के बाद देश, प्रदेश और जिले में सुख-शांति, समृद्धि और आपसी सौहार्द बनाए रखने की दुआएं मांगी जाएंगी। साथ ही समाज में भाईचारा, प्रेम और एकता का संदेश दिया जाएगा। नमाज के उपरांत लोग एक-दूसरे को गले मिलकर "ईद मुबारक" कहेंगे और खुशियां साझा करेंगे। घरों में विशेष रूप से सेवईं, शीर खुरमा और अन्य पारंपरिक व्यंजन तैयार किए जाएंगे, जिनका आनंद परिवार और रिश्तेदारों के साथ लिया जाएगा। बच्चे और युवा नए परिधानों में ईद की खुशियां मनाते नजर आएंगे। ईद पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा भी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। ईदगाह और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा, साफ-सफाई एवं यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष ध्यान रखा गया है। बहरहाल बेमेतरा जिले में ईद का पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाएगा।



## कांग्रेस ने कलेक्टर से की नई एजेंसी की मांग

# जिले में रसोई गैस संकट, 45 हजार की आबादी पर सिर्फ एक एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय बेमेतरा में रसोई गैस वितरण व्यवस्था चरमराने लगी है। शहर में बढ़ती आबादी के बीच केवल एक गैस एजेंसी के भरोसे चल रही आपूर्ति व्यवस्था के कारण आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर कांग्रेस नेताओं ने जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए नई गैस एजेंसी स्थापित करने की मांग की है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के निर्देशानुसार कांग्रेस के पूर्व पार्षद मनोज शर्मा एवं शहर कांग्रेस कमेटी के सचिव शुभम सोनी ने कलेक्टर को मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में शहरवासियों को हो रही समस्याओं को विस्तार से उल्लेखित किया गया है। मांग पत्र में बताया गया कि बेमेतरा शहर की आबादी लगभग 40 से 45 हजार के बीच है, लेकिन गैस वितरण के लिए केवल एक ही एजेंसी संचालित हो रही है। इस कारण उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। वितरण केंद्रों पर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं और ऑनलाइन बुकिंग या रसीद कटवाने के बावजूद कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है।

### खास बातें

- एक गैस एजेंसी पर पूरे शहर का दबाव
- गैस वितरण में देरी और लंबी कतारें
- उपभोक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत
- कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा मांग पत्र, नई एजेंसी खोलने की उठी मांग



### जनसंख्या के अनुपात में सुविधाओं का विस्तार जरूरीः छाबड़ा

इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि बेमेतरा शहर तेजी से विकसित हो रहा है, लेकिन आवश्यक सुविधाओं का विस्तार उसी अनुपात में नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस जैसी मूलभूत सुविधा के लिए लोगों को परेशान होना पड़ रहा है, जो अत्यंत चिंता का विषय है।

### दुर्व्यवहार की शिकायत

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि एजेंसी संचालकों द्वारा उपभोक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। इससे आम जनता में नाराजगी और असंतोष बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि शहर की वर्तमान स्थिति को देखते हुए जल्द से जल्द नई गैस एजेंसी की स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके और गैस वितरण व्यवस्था सुचारू हो सके।

## खबर संक्षेप

### नागरिक सतर्कता ही राष्ट्र धर्म : प्रज्ञा निर्वाणी

**बेमेतरा।** भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने



वैश्विक परिदृश्य पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि वर्तमान में ईरान, इज़राइल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और संभावित लंबे खिच रहे युद्ध की स्थिति से पूरे विश्व में ऊर्जा संकट का खतरा गहराता जा रहा है। क्योंकि यह युद्ध जिस दिशा में बढ़ रहा है उससे अनुमान नहीं लगाया जा सकता की कब थमेगा, उन्होंने कहा कि भारत अपनी घरेलू आवश्यकताओं के लिए कच्चे तेल और गैस के मामले में खाड़ी सहित कई देशों पर निर्भर है, ऐसे में वैश्विक अस्थिरता का सीधा प्रभाव हमारे देश की ऊर्जा आपूर्ति और कीमतों पर भी पड़ सकता है। प्रज्ञा निर्वाणी ने विशेष रूप से महिलाओं और आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि ऐसे समय में हर घर की गृहिणी घरेलू गैस का मितव्ययता से उपयोग करें और वाहन चालक भी पेट्रोल-डीजल का सोच-समझकर उपयोग करें, वैश्विक ऊर्जा संकट की संभावनाओं को देखते हुए यह केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि युग धर्म और राष्ट्र धर्म है। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने यह भी विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की मजबूत विदेश नीति और विभिन्न देशों के साथ स्थापित व्यापारिक संबंधों के कारण देश में तेल और गैस की आपूर्ति में कोई बाधा नहीं आएगी। भारत की कूटनीतिक क्षमता और वैश्विक संबंध इतने सशक्त हैं कि संकट की घड़ी में भी देश सुरक्षित रहेगा, लेकिन नागरिकों का सहयोग आवश्यक है।

### नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख की ठगी

**भिलाई।** सीएसपीडीसीएल में जेई की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 10 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। पदमनाभपुर पुलिस को सेक्टर 7 निवासी पायल ने पुलिस में शिकायत किया था। पायल की 2 अगस्त 2023 को महाराजा चौक दुर्ग स्थित दुकान में आदर्स नगर जोन 2 पदमनाभपुर निवासी प्रिया देशमुख से मुलाकात हुई। प्रिया और उसके साथी रजत गुप्ता ने सीएसपीडीसीएल जेई के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 20 लाख रुपये का डिमांड किया। जिसमें 10 लाख रुपये पीड़िता से महिला ने लिया था। माह नवम्बर 2023 में रायपुर सर्किट हाउस में पायल को एई पद का फर्जी ज्वाइनिंग लेटर दिया गया। पुलिस ने प्रिया देशमुख को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

## निधन

### दीपक कुमार देवांगन



**बेरला।** बारगांव निवासी दीपक कुमार देवांगन का 40 वर्ष की आयु में पिछले दिनों निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बारगांव में किया गया। वे जागृति देवी की पति, विद्यानंद व मधु देवांगन के भाई थे।

### पर्व : भक्ति के आलोक से जगमगाया बुचीपुर धाम

# मां महामाया के दरबार में जले 1970 ज्योति कलश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

हिंदू नववर्ष के शुभारंभ के साथ ही जिले में चैत्र नवरात्रि पर्व का भव्य आगाज हुआ। आस्था, श्रद्धा और भक्ति के अद्भुत संगम के बीच जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री सिद्ध शक्ति पीठ माँ महामाया धाम, बुचीपुर में ब्रह्म मुहूर्त के पावन बेला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कर नवरात्रि का शुभारंभ किया गया। सुबह की पहली किरण के साथ ही मंदिर परिसर भक्तों की भीड़ से पट गया।

दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालु माँ महामाया के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। मंदिर परिसर में गूंजते शंख, घंटियों की ध्वनि और मंत्रोच्चार ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद लिया और अपनी मनोकामनाएं अर्पित कीं। इस वर्ष नवरात्रि पर्व के दौरान कुल 1970 ज्योति कलश प्रज्वलित किए जा रहे हैं, जिनमें 1827 तेल ज्योति एवं 143 घृत ज्योति शामिल हैं। सैकड़ों दीपों की ज्योति से पूरा धाम आलोकित हो उठा है, जो श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और विश्वास का प्रतीक बन गया है।




#### जस गीत और भंडारे की विशेष व्यवस्था

नवरात्रि के नौ दिनों तक मंदिर परिसर में भक्ति रस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। प्रतिदिन जस गीतों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा माँ की महिमा का गुणगान किया जा रहा है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी एवं भंडारे की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई है, जिससे हर आने वाला भक्त प्रसाद ग्रहण कर आध्यात्मिक संतोष प्राप्त कर रहा है। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ इस वर्ष मंदिर प्रांगण में भव्य राम कथा का आयोजन भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कथा वाचन परम पूज्य श्री कागजी महाराज (राजापुर, चित्रकूट, उत्तर प्रदेश) द्वारा किया जा रहा है। उनकी ओजस्वी और मधुर वाणी में श्रीराम कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो रहे हैं और धर्म, नीति व आदर्शों की प्रेरणा ले रहे हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्रि के दौरान सुरक्षा, स्वच्छता एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने बताया कि आगामी रामनवमी के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जो सामाजिक समरसता और सेवा भावना का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

माँ महामाया धाम बुचीपुर इन दिनों आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया है, जहां हर वर्ग, हर आयु के श्रद्धालु माँ के दरबार में शीश नवाकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की कामना कर रहे हैं। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर पूरा क्षेत्र भक्ति, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर नजर आ रहा है।

#### शक्तिपीठों में उमड़ी आस्था की भीड़





**बेमेतरा/दाढ़ी।** नगर पंचायत सहित पूरे आंचल में पावन चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ गुरुवार 19 मार्च से श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हो गया। नवरात्रि के प्रथम दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में भक्त नगर के देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां जगत जननी का आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर के प्रमुख मंदिरों मां शीतला मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां जगदंबा मंदिर, मां काली मंदिर और मां गायत्री मंदिर सहित अन्य देवी स्थलों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव के साथ पूजा-अर्चना कर माता के चरणों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए और सुख-समृद्धि की कामना की। शाम के समय भी नगर के सभी शक्तिपीठों में आस्था का वही माहौल देखने को मिला। परिवार सहित पहुंचे श्रद्धालुओं ने मंदिरों में माथा टेककर मां से आशीर्वाद लिया। कई भक्तों ने नवरात्रि के अवसर पर व्रत रखकर आदिशक्ति मां की विशेष आराधना की। पर्व को लेकर मंदिर समितियों द्वारा आकर्षक सजावट की गई है। रंग- बिरंगी विद्युत झालरों से सजे मंदिर श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। वहीं मंदिर परिसरों के बाहर पूजन सामग्रियों की दुकानें भी सज गई हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। धर्मनगरी दाढ़ी का जनमानस इन दिनों मां शक्ति की भक्ति में सराबोर नजर आ रहा है और नवरात्रि का यह पर्व पूरे क्षेत्र में उत्साह, आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

## 'बरगलाकर कराए जा रहे धर्मांतरण पर लगेगी रोक'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ विधानसभा में गुरुवार को बहुप्रतीक्षित धर्म स्वातंत्र्य विधेयक-2026 पारित होने के बाद राजनीतिक और सामाजिक संगठनों की प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी हैं।



भाजपा ओबीसी मोर्चा ने इस विधेयक का स्वागत करते हुए प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है और इसे प्रदेशहित में एक ऐतिहासिक निर्णय बताया है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं सरगुजा संभाग प्रभारी होरी लाल सिन्हा ने कहा कि यह विधेयक प्रदेश में लंबे समय से महसूस की जा रही आवश्यकता को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि "प्रदेश में जिस तरह से लोगों को बरगलाकर, प्रलोभन देकर और गलत जानकारी के माध्यम से धर्मांतरण कराया जा रहा था, उस पर अब प्रभावी रोक लगेगी। यह कानून सामाजिक संतुलन और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय न केवल जनभावनाओं के अनुरूप है, बल्कि इससे कमजोर वर्गों को संरक्षण भी मिलेगा। श्री सिन्हा ने मुख्यमंत्री और सरकार के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस कानून से प्रदेश में पारदर्शिता और कानून व्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि धर्म स्वातंत्र्य विधेयक-2026 में धर्मांतरण के मामलों को लेकर सख्त दंडात्मक प्रावधान किए गए हैं। बल, प्रलोभन, धोखाधड़ी या गलत जानकारी देकर धर्मांतरण कराने पर कठोर सजा का प्रावधान है। सामूहिक धर्मांतरण कराने वाले दोषी को आजीवन कारावास तक की जहां सजा वही इसमें शामिल व्यक्ति को 6 माह तक की जेल 25 लाख रुपए तक जुर्माना का प्रावधान भी है । सिन्हा ने कहा विधेयक का उद्देश्य अवैध और जबरन धर्मांतरण की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है।

## अब विभागीय स्तर पर होगी शिक्षकों की टीईटी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। अब शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) का आयोजन विभागीय स्तर पर किए जाने की तैयारी शुरू हो गई है। लोक शिक्षण संचालनालय ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों एवं संभागीय संयुक्त संचालकों को पत्र जारी कर उनके अधीन कार्यरत शिक्षकों की टीईटी अर्हता से संबंधित जानकारी मांगी है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रस्तावित टीईटी परीक्षा केवल शासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए आयोजित की जाएगी। अब तक यह परीक्षा व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित की जाती रही है, लेकिन विभागीय स्तर पर आयोजन होने की स्थिति में यह पहली बार होगा जब शिक्षकों के लिए अलग से विभागीय टीईटी आयोजित की जाएगी। दरअसल, राज्य में शिक्षकों की पदोन्नति के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसे में कई शिक्षक, जो अब तक टीईटी पास




■ पदोन्नति से वंचित न रहें शिक्षक, शासन ने शुरू की नई पहल

नहीं कर पाए हैं, पदोन्नति से वंचित रह जा रहे हैं। वहीं व्यापम द्वारा परीक्षा नियमित अंतराल पर नहीं कराए जाने के कारण भी शिक्षकों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। आमतौर पर यह परीक्षा 2 से 3 वर्षों के अंतराल में आयोजित होती है, जिससे समस्या और बढ़ जाती है। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा टीईटी का आयोजन स्वयं करने की पहल की जा रही है, ताकि शिक्षकों को समय पर पात्रता प्राप्त हो सके और वे पदोन्नति के अवसर से वंचित न रहें।

संचालनालय द्वारा जारी निर्देश में जिला शिक्षा अधिकारियों को प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर कार्यरत शिक्षकों की टीईटी पात्रता संबंधी जानकारी निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। जिला स्तर से 17 मार्च तक जानकारी संयुक्त संचालक कार्यालय को भेजी जानी थी, जबकि 18 मार्च तक सभी संयुक्त संचालकों को यह जानकारी संकलित कर संचालनालय को हार्ड कॉपी एवं ई-मेल के माध्यम से भेजनी थी।

### शिक्षक संघ ने दिया सुझाव

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने भी शासन को सुझाव देते हुए जून-जुलाई माह में विभागीय सीमित टीईटी परीक्षा आयोजित करने की मांग की है। संघ का मानना है कि इससे शिक्षकों की पात्रता संबंधी समस्याओं का समाधान होगा, पदोन्नति के अवसर बढ़ेंगे तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा। यदि विभागीय स्तर पर टीईटी परीक्षा का आयोजन होता है, तो यह निर्णय प्रदेश के हजारों शिक्षकों के लिए राहत भरा साबित हो सकता है।

## दिल्ली प्रवास में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले राजेन्द्र शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



राजधानी दिल्ली के एक दिवसीय प्रवास के दौरान भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में रायपुर शहर जिला भाजपा प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा बेमेतरा राजेन्द्र शर्मा ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से सौजन्य भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने उन्हें राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके कुशल नेतृत्व, संगठन के प्रति समर्पण तथा लंबे राजनीतिक अनुभव का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज देश की सबसे मजबूत और व्यापक जनाधार वाली राजनीतिक शक्ति के रूप में उभर कर सामने आई है, जिसका श्रेय शीर्ष नेतृत्व से लेकर बूथ स्तर तक कार्यरत समर्पित कार्यकर्ताओं को जाता है। पश्चिम बंगाल में आगामी चुनावों का उल्लेख करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि वहां भाजपा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के नेतृत्व में सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है और वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में पार्टी सरकार बनाने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल जैसे चुनौतीपूर्ण राजनीतिक परिवेश में भाजपा का प्रदर्शन संगठन की मजबूती और नेतृत्व की स्वीकार्यता को दर्शाता है। पार्टी आने वाले समय में राष्ट्र निर्माण और जनसेवा के अपने संकल्प को और अधिक सशक्त रूप में आगे बढ़ाएगी।

## बंजारी माता प्रांगण में उमड़ा आस्था का सैलाब

**बेमेतरा/थानखम्हरिया।** मां भद्रकाली तहसील मानस संघ साजा एवं मां बंजारी सेवा समिति बरगा के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम बरगा स्थित पावन बंजारी माता प्रांगण में आयोजित भव्य तेरस मेला एवं मानस बसंत उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास, भक्ति भाव और सांस्कृतिक उत्साह के साथ देर रात तक धूमधाम से सम्पन्न हुआ।

क्षेत्र भर से लाखों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा, जिन्होंने मां बंजारी माता के श्री चरणों में श्रद्धा पूर्वक दर्शन कर मेले का भरपूर आनंद लिया। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण व्याप्त रहा, जहां मानस गान, जस गान, फाग गीतों और भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य नीलधर प्रसाद तिवारी, बंजारी समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल पाल, मां भद्रकाली तहसील मानस संघ साजा अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू, उपसरपंच प्रतिनिधि कमलेश साहू, ग्राम पटेल राजकुमार साहू, दुर्गेश साहू, सुनील कुमार वर्मा, माता सेवक पूनाराम



वर्मा, लखन साहू, परमानंद साहू, जगदीश साहू, ग्रामीण रूपेश कुमार साहू एवं मेघूराम साहू द्वारा मां बंजारी एवं श्री रामचन्द्र जी की पूजन-अर्चन के साथ धूमधाम से किया गया।

### फाग गीतों और जस गायन पर झूमे श्रद्धालु

इस पूजन ने आयोजन को और भी पवित्रता प्रदान की। मंडलियों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियांमंचीय कार्यक्रम में विभिन्न मंडलियों ने अपनी भावपूर्ण एवं मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। माई कृपा मानस मंडली हथमुड़ी विनय मानस मंडली तोराजय गंगा मां मानस मंडली नेवनाराजय दुर्गा मां मानस मंडली कोसपातरइनके मानस गान ने सभी को श्री रामचरितमानस के प्रति श्रद्धा से भर दिया। वहीं शंकरनगर नवागढ़ से पधारे नरेन्द्र जायसवाल एवं महेश कुमार साहू ने शास्त्रीय शैली में भजन प्रस्तुत कर दर्शकों को पूर्णतः मंत्रमुग्ध कर दिया।


जस गायन एवं फाग गीतों ने बांध लिया देवी जस गायन की शानदार प्रस्तुति मां बंजारी एवं सरस्वती लक्ष्मी जस समिति पटेल पारा बरगा द्वारा मांदर की मधुर थाप पर की गई, जिसने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। फाग गीतों की प्रस्तुति में राष्ट्रपति सम्मानित कलाकार घनश्याम सिंह ठाकुर एवं उनकी टीम तथा खैरझिटीकला की टीम ने अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। इन प्रस्तुतियों ने बसंत के आगमन का संदेश देते हुए वातावरण को फागुन के रंग में रंग दिया।

## 'राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नवागढ़ द्वारा कोदूराम दलित महाविद्यालय में आयोजित खंड स्तरीय युवा संगम कार्यक्रम में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग प्रचार प्रमुख बोधी राम निषाद (दुर्ग) ने कहा कि राष्ट्र के विकास में युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष के परिप्रेक्ष्य में समाजोन्मुख कार्यों और संगठन के योगदान को रेखांकित करते हुए युवाओं से 'पंच परिवर्तन' को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा अपने घर, परिवार, मोहल्ले और समाज में पांच प्रमुख



विषयों कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी अपनाना तथा नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन पर विशेष ध्यान दें। बोधी राम निषाद ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य है, जो न केवल भारत का निर्माण करेगी बल्कि उसे नई ऊंचाइयों तक ले जाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक प्राध्यापक निर्मल उपस्थित रहे। इस अवसर पर सह खंड कार्यवाह मनोज साहू, उपखंड कार्यवाह मसराम वर्मा, खंड शारीरिक प्रमुख जागेंद्र साहू, बौद्धिक प्रमुख दिलीप जायसवाल, व्यवस्था प्रमुख संतोष देवांगन सहित चोवा राम, महाविद्यालयीन छात्र प्रमुख ईश्वर ताम्रकार, दुर्गा प्रसाद, गुलशन साहू एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
13 मई, 10 जून 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर 16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर